an>

Title: Need to conduct an enquiry into bomb blast in Goa on 23 November, 2007.

श्री श्रीपाद येसो नाईक (पणजी) : अध्यक्ष महोदय, आपकी अनुमति से एक महत्वपूर्ण विषय से सदन को अवगत कराना चाहता हूं। गोवा एक बहुत शांत प्रदेश है, किंतु अन्य राज्यों की तरह गोवा में भी आतंकवाद की झलक दिखाई देने लगी है। हाल ही में गोवा के राज्यपाल जब नागालैंड में थे, वहां उनके ऊपर भी, उनके कन्वय के ऊपर भी विस्फोट हो गया, यह बहुत दुख की बात है। गोवा में वर्तमान में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल चल रहा है। श्री प्रिय रंजन दास मुंशी जी ने वहां जाकर इनोगुरेशन भी किया तथा अभी भी फेस्टिवल चल रहा है। उसी स्थल से दो किलोमीटर की दूरी पर 23 नवम्बर को रात के दो बजे वहां के नोगौरी अपार्टमेंट के दूसरे फ्लोर में एक जबरदस्त विस्फोट हुआ। वह स्थान गोवा विधान सभा से डेढ़ किलोमीटर के आस-पास है। यह भी पता चला है कि उक्त स्थान पर अनजान व्यक्तियों का आना-जाना लगा रहता था। पुलिस को शिकायत दर्ज करने के बावजूद भी किसी प्रकार की कार्यवाही और विस्फोट होने के बाद भी किसी तरह की कार्यवाही अब तक नहीं हुई है।

MR. SPEAKER: Shri Sripad Nayak, we shall have a fuller discussion on internal security. Please do not bring the State Government. This tendency on our part has to be stopped.

श्री श्रीपाद येसो नाईक : अध्यक्ष जी, यह आतंकवाद से संबंधित है, इसलिए मैं सदन का ध्यान इस तरफ आकर्षित कराना चाहता हूं। दो महीने पहले वहां के निवासियों ने पुलिस को कम्प्लेंट की थी, वहां अनजाने लोग आते जाते हैं। लेकिन पुलिस ने कुछ नहीं किया। दूसरे दिन मैं स्वयं पुलिस से मिला, लेकिन पुलिस ने कहा कि यह जो विस्फोट हुआ है, वह गैस लीकेज के कारण हुआ है। बिना जांच कराए गैस सिलेंडर से विस्फोट हुआ है, ऐसा पुलिस कैसे कह सकती है। मेरी सरकार से मांग है कि विस्फोट की जांच कराए और गोवा जैसे शांत प्रदेश में आतंकवादी गतिविधियों को रोकने के लिए समय रहते आवश्यक कदम उठाने का काम करे।